# एडवांस स्तर के बच्चों के साथ उन्नीसवें सप्ताह में की जाने वाली गतिविधियाँ

## लक्ष्य : बच्चे 999 तक की संख्याओं में हासिल वाले घटाव के शाब्दिक सवाल हल कर पाएँगे।

सप्ताह–19

| विषय वस्तु | समय | पहला दिन | दूसरा दिन | तीसरा दिन | चौथा दिन | पाँचवाँ दिन | छठा दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गणितीय बातचीत | 10 मिनट | बच्चों से मौखिक रूप से घड़ी में समय पर बातचीत करें। जैसे– 5:30 बजे का मतलब है कि घंटे की सुई 5 और 6 के बीच में है। 9 बजे का मतलब मिनट की सुई 12 पर होगी। | बच्चों से मौखिक रूप से घटाव की संक्रिया पर बातचीत करें। जैसे– एक बाग़ में आम के पेड़ों की संख्या जामुन के पेड़ों की संख्या से 346 कम है। यदि जामुन के पेड़ों की संख्या 943 हो तो बताएँ कि आम के पेड़ों की संख्या कितनी है? | बच्चों से पूछें कि राजू के मामा ने उसे 500 रुपये के 4 नोट दिए। क्या आप बता सकते हैं कि मामा ने उसे कुल कितने रुपये दिए ? अलग–अलग संख्या के साथ ये प्रक्रिया करें। | बच्चों से मौखिक रूप से घटाव की संक्रिया पर बातचीत करें। जैसे– मोनू के पास दीपक से 453 रुपये कम है। यदि दीपक के पास 800 रुपये हैं तो मोनू के पास कितने रुपये हैं? | पूछें, खाना पकाने में किस तरह से गणित होता हुआ दिखता है? कैसे के बारे में भी पूछें। | पुनरावृत्ति |
| संख्या पहचान | 10 मिनट | बच्चों के साथ आओ खेलें पुस्तिका से **लुका छिपी** खेल 3 अंकों की संख्या के साथ करवाएँ। | 6 से 10 तक के पहाड़े में हल्ला बोल पहाड़ा बोल का खेल कराएँ। | छोटे समूहों में 11 से 15 तक के पहाड़े बनाने को कहें। घर से इन पहाड़ों को याद करके लाने को भी कहें। | बड़े और छोटे समूहों में 11 से 15 तक का पहाड़ा चार्ट वाचन कराएँ। | बड़े और छोटे समूहों में 11 से 15 तक का पहाड़ा चार्ट वाचन कराएँ। | पुनरावृत्ति |
| शाब्दिक सवाल (जोड़,घटाव, गुणा, भाग ) | 30 मिनट | घटाव के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करते हुए हल करवाएँ। जैसे – राकेश के पास 764 रुपये थे। मेले में उसने 359 रुपये ख़र्च कर दिए। बताएँ, उसके पास अब कितने रुपये हैं? | घटाव के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करते हुए हल करवाएँ। जैसे – अंशिका ने 928 रुपये की एक किताब ख़रीदी तो उसे 459 रुपये की छूट मिली। बताएँ, अंशिका को कितने रुपये देने पड़े? | आओ खेलें पुस्तिका से **तोड़ो–जोड़ो** का खेल तीन अंकीय संख्याओं के साथ करवाएँ। | घटाव के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करते हुए हल करवाएँ। जैसे – किसी वस्तु को 646 रुपये में बेचकर दुकानदार को 147 रुपये फायदा होता है तो बताएँ कि दुकानदार ने उस वस्तु को कितने रुपये में ख़रीदा होगा ? | गुणा के कम से कम 2 शाब्दिक सवालों पर मौखिक बातचीत करते हुए हल करवाएँ। जैसे – एक किलो अंगूर 65 रुपये में मिलते हैं तो बताएँ कि 7 किलो अंगूर कितने रुपये में मिलेंगे? | पुनरावृत्ति |
| अन्य दक्षताएँ (आकृति, मापन और अनुमान) | 10 मिनट | एक दवाई की क़ीमत 140 रुपये 75 पैसे थी। अब उसकी क़ीमत 160 रुपये 25 पैसे हो गई। बताएँ, दवाई की क़ीमत कितनी बढ़ गई ? | एक दुकानदार ने 525 मीटर बिजली का तार ख़रीदा। उसने 275 मीटर 30 सेंटीमीटर तार बेच दिया। बताएँ, अब उसके पास कितने तार हैं? | दस वर्ष पूर्व एक छोटे से गाँव की जनसंख्या 456 थी। अब उस गाँव की जनसंख्या 785 हो गई है। बताएँ, आज से 20 वर्ष बाद उस गाँव की जनसंख्या लगभग कितनी हो सकती है? | एक बोतल का वज़न 2 किलोग्राम है। दूसरे बोतल का वज़न 1 किलोग्राम 25 ग्राम है। बताएँ, दूसरे बोतल का वज़न कितना कम है? | 20 लीटर तेल से 500 मिलीलीटर की क्षमता वाले कितने बोतल भरे जा सकते हैं? | पुनरावृत्ति |